# HALF YEARLY EXAMINATION, 2024-25

## HINDI

**Time – 3:00 Hrs.** **Class – VIII** **M.M. : 80**

**Date – 09.09.2024 (Monday)**

**Name of the student ______________________________Section _____**

**निर्देश –1. प्रश्नपत्र में चार खंड हैं – अ, ब, स और द ।**
**2. निर्देशानुसार चारों खंडों के उत्तर देना अनिवार्य है ।**
**3. यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।**
**4. प्रश्नोत्तर लेखन में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें ।**

**<u>खंड 'अ' अपठित बोध (कुल 8 अंक)</u>**

**प्र.1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4x1=4**

रेडक्रॉस सोसायटी की स्थापना का प्रारंभिक उद्देश्य है–मानवमात्र की सेवा करना । इसकी स्थापना का प्रस्ताव 1864 ई. के जेनेवा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में स्वीकार किया गया । इस तरह पहली बार मानव सेवा करने वाली सोसायटी का जन्म हुआ । रेडक्रॉस सोसायटी का चिह्न स्विट्जरलैंड के राष्ट्रध्वज से काफी समानता रखता है । शुरू में केवल चौदह देशों ने इसकी सदस्यता ग्रहण की, परन्तु अब संसार के सभी देश इसके सदस्य हैं । अब यह संस्था युद्ध के अलावा शांति के समय में भी लोगों की सेवा करती है ।

यह संस्था विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं जैसे – अकाल, बाढ़, महामारी, तूफ़ान, भूकंप पीड़ितों और शरणार्थियों की विशेष रूप से मदद करती है । मानवता की सेवा के लिए लोगों द्वारा स्वेच्छापूर्वक दिया गया दान, विभिन्न देशों की सरकारों द्वारा दिया गया धन इस संस्था की आय का स्रोत हैं ।

**(क) रेडक्रॉस की स्थापना क्यों की गई ?**

(i) विश्व में शांति स्थापित करने के लिए (ii) विश्वभर के लोगों की सेवा करने के लिए
(iii) विश्व में पर्यावरण बचाने के लिए (iv) विश्व में सम्मलेन करवाने के लिए

**(ख) रेडक्रॉस का चिह्न किस राष्ट्र के राष्ट्रध्वज के समान है ?**

(i) भारत (ii) नीदरलैंड (iii) इंग्लैंड (iv) स्विट्जरलैंड

**(ग) रेडक्रॉस की आय का साधन इनमें से क्या है ?**

(i) लाभान्वित लोगों द्वारा वसूला गया धन (ii) सदस्य देशों से लिया गया चंदा
(iii) स्वैच्छिक दान एवं सदस्य देशों द्वारा दिया गया धन (iv) विश्व बैंक से प्राप्त धन

**(घ) 'मानवसेवा' का उचित विग्रह होगा ?**

(i) मानव और सेवा (ii) मानव की सेवा (iii) मानव जैसी सेवा (iv) मानव से सेवा

**प्र.2 निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4x1=4**

हैं जनम लेते जगह में एक ही,
एक ही पौधा उन्हें है पालता,
रात में उन पर चमकता चाँद भी,
एक ही-सी चाँदनी है डालता ।
मेह उन पर है बरसता एक-सा,
एक-सी उन पर हवाएँ हैं बही,
पर सदा ही यह दिखाता है हमें,
ढंग उनके एक-से होते नहीं ।
छेदकर काँटा किसी की उँगलियाँ,
फाड़ देता है किसी का वर वसन,
प्यार डूबी तितलियों के पर कतर,
भौंर का है बेध देता श्याम तन ।
फूल लेकर तितलियों को गोद में,
भौंर को अपना अनूठा रस पिला,

निज सुगंध 'औ' निराले रंग से,
है सदा देता कली का जी खिला ।

**(क) 'ढंग उनके एक-से होते नहीं' में ढंग का अर्थ है–**

(i) झरोखा (ii) स्वभाव और व्यवहार (iii) रूप-रंग (iv) आकार एवं प्रकार

**(ख) 'काँटा' इनमें से कौन-सा काम करता है ?**

(i) किसी के वस्त्र फाड़ देना (ii) तितलियों के पंख कतर देना (iii) भँवरों के शरीर को बेध देना (iv) ये सभी

**(ग) फूल, कलियों का मन खुश कर देते हैं–**

(i) रस पिलाकर (ii) गोद में उठाकर (iii) सुगंध और रंग देकर (iv) ये सभी

**(घ) 'वसन' का अर्थ है –**

(i) वस्त्र (ii) बर्तन (iii) बस जाना (iv) वश में होना

## <u>खंड 'ब' पठित बोध (कुल 38 अंक)</u>

**प्र.3 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **1+2+2**

भारतवर्ष ने कभी भी भौतिक वस्तुओं के संग्रह को बहुत अधिक महत्त्व नहीं दिया है, उसकी दृष्टि से मनुष्य के भीतर जो महान आंतरिक गुण स्थिर भाव से बैठा हुआ है, वहीं चरम और परम है । लोभ-मोह, काम-क्रोध आदि विचार मनुष्य में स्वाभाविक रूप से विद्यमान रहते हैं, पर उन्हें प्रधान शक्ति मान लेना और अपने मन तथा बुद्धि को उन्हीं के इशारे पर छोड़ देना बहुत बुरा आचरण है । भारतवर्ष ने कभी भी उन्हें उचित नहीं माना, उन्हें सदा संयम के बंधन से बाँधकर रखने का प्रयत्न किया है । परन्तु भूख की उपेक्षा नहीं की जा सकती, बीमार के लिए दवा की उपेक्षा नहीं की जा सकती, गुमराह को ठीक रास्ते पर ले जाने के उपायों की उपेक्षा नहीं की जा सकती ।

(क) भौतिक वस्तुओं के संग्रह को कौन महत्त्व नहीं देता है ?

(ख) चरम और परम किसे कहा गया है ?

(ग) बुरा आचरण क्या है ?

**प्र.4 निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **1+2+2**

अभी कहा जाता है
उस कथा का आखिरी हिस्सा
जो बूढ़ी नानी सुना रही सदियों से
दुनिया के तमाम बच्चों को
अभी आती है एक बस
अंतरिक्ष के पार की दुनिया से
लाएगी बचे लोगों की खबर ।
नहीं, यह सबसे कठिन समय नहीं ।

(क) प्रस्तुत काव्यांश के कवि कौन है ?

(ख) बूढ़ी नानी सदियों से क्या काम कर रही हैं ?

(ग) काव्यांश में वर्णित बस की क्या विशेषता है और वह बस कहाँ से आने वाली है ?

**प्र.5 निम्नलिखित में से किन्हीं <u>सात प्रश्नों</u> के संक्षिप्त उत्तर दीजिए :** **7x1=7**

(क) पक्षी और बादल की चिट्ठियों को कौन बाँच लेते हैं ?
(ख) लेखक हरिशंकर परसाई ने किसकी तरफ श्रद्धाभाव से देखा ?
(ग) बदलू काका के घर के सामने कौन-सा पेड़ था ?
(घ) दीवानों के साथ-साथ क्या चलता रहता है ?
(ड.) "हम भिखमंगों की दुनिया में, स्वच्छंद लुटाकर प्यार चले" पंक्ति में कौन, कहाँ पर प्यार लुटाना चाहता है ?
(च) 'बस की यात्रा' पाठ में डाकिन किसे कहा गया है ?
(छ) लेखक को किसकी मरहम-पट्टी करनी पड़ी ?
(ज) भगवान के डाकिए क्या संदेश देना चाहते हैं ?

**प्र.6 निम्नलिखित में से किन्हीं <u>पाँच प्रश्नों</u> के उत्तर लिखिए :** **5x2=10**

(क) चिड़िया चोंच में तिनका दबाकर उड़ने की तैयारी में क्यों है ? वह तिनकों का क्या करती होगी ?
(ख) "एक देश की धरती दूसरे देश को सुगंध भेजती है"–कथन द्वारा कवि क्या कहना चाहते हैं ?
(ग) 'दीवानों की हस्ती' कविता में ऐसी कौन-सी बात है, जो आपको सबसे अच्छी लगी ?

(घ) लेखक ने स्वीकार किया है कि लोगों ने उन्हें भी धोखा दिया है फिर भी वे निराश नहीं हैं । आपके विचार से इस बात का क्या कारण हो सकता है ?

(ड.) "मैं हर पेड़ को अपना दुश्मन समझ रहा था ।" लेखक पेड़ों को अपना दुश्मन क्यों समझ रहा था ?

(च) मशीनी युग से बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया ?

**प्र.7 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2x3=6**

(क) कारीगरों और कलाकारों को पैसे से ज्यादा स्वाभिमान प्यारा होता है । 'लाख की चूड़ियाँ' कहानी के आधार पर अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

(ख) 'बस की यात्रा' नामक पाठ आज की परिस्थिति में कितनी सार्थक रचना है ? अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

(ग) जीवन के प्रति कवि भगवतीचरण वर्मा का नजरिया कितना उचित है ? आप अपने दृष्टिकोण से इस विषय में अपने विचार प्रकट कीजिए ।

**प्र.8 पूरक-पुस्तक 'भारत की खोज' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही-पाँच प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में लिखिए। 5x1=5**

(क) नेहरू जी ने अपना सहचर किसे और क्यों कहा है ?

(ख) सिंधु नदी की विशेषता क्या है ?

(ग) अहमदनगर के किले की मिट्टी कैसी थी ?

(घ) सिंधु घाटी सभ्यता के अवशेष कहाँ प्राप्त हुए ?

(ड.) 'वेद' शब्द की उत्पत्ति किस धातु से हुई तथा इसका क्या अर्थ है ?

(च) भारत का नेपोलियन किसे कहा जाता है ?

## खंड 'स' व्याकरण (कुल 19 अंक)

**प्र.9 नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**
**6x1=6**

**(क) निर्देशानुसार उत्तर दीजिए –**

(i) 'सिर फट गया उसका वहीँ, मानो अरुण रंग का घड़ा ।' वाक्य में प्रयुक्त अलंकार बताइए ।

(ii) अनुप्रास अलंकार का एक उदाहरण लिखिए ।

(iii) 'नीलगाय' में कौन-सा समास है ?

(iv) समास विग्रह कीजिए --'देशभक्ति' ।

(v) 'अति' उपसर्ग लगाकर एक नया शब्द बनाइए ।

(vi) 'इया' प्रत्यय लगाकर एक नए शब्द का निर्माण कीजिए ।

**(ख) सही उत्तर लिखिए –**
**7x1=7**

(i) अलंकार शब्द का अर्थ होगा--सौंदर्य उत्पन्न करने वाला / पदों का परिचय बताने वाला ?

(ii) जिस समास में दोनों पद प्रधान हो, उसे ---------समास कहते हैं ।

(iii) मूलशब्द के पहले उपसर्ग का प्रयोग किया जाता है – सही या गलत ? लिखिए ।

(iv) क्रिया शब्दों में लगने वाले प्रत्यय क्या कहलाते हैं ? (कृत प्रत्यय या तद्धित प्रत्यय)

(v) 'कथनीय' शब्द में कौन-सा प्रत्यय लगा है ?

(vi) 'अनपढ़' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है ?

(vii) कौन-सा उदाहरण अव्ययीभाव समास का नहीं है ?

(a) भरपूर (b) विषधर (c) बेलगाम (d) हरघड़ी

**(ग) निर्देशानुसार उत्तर लिखिए –**
**2**

**(i) पर्यायवाची शब्दों का उचित मिलान कीजिए :**

| **वर्ग i** | **वर्ग ii** |
|---|---|
| रत्न | कांति |
| शोभा | जवाहर |
| सेना | मानस |
| हृदय | फ़ौज |

**(ii) रेखांकित शब्दों के विलोम शब्दों से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :**
**2**

अ. बच्चों को ऐसी शिक्षा दी जानी चाहिए कि वे **<u>भद्र</u>** और ----- लोगों की पहचान कर सकें ।

ब. **<u>मितव्ययी</u>** व्यक्ति धन सोच-समझकर खर्च करता है जबकि ------- व्यक्ति बिना सोचे-समझे ।

**(iii) प्रत्येक शब्द के दो-दो भिन्न अर्थ लिखिए :**
**2**

भव, रश्मि

## <u>खंड 'द' रचनात्मक लेखन (कुल 15 अंक)</u>

**प्र.10 किसी <u>एक विषय पर</u> पत्र लिखिए :**
**5x1=5**

(क) विज्ञान एवं गणित विषयों की अतिरिक्त कक्षाएँ आयोजित करवाने के लिए उचित कारण बताते हुए अपने विद्यालय के प्राचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए ।

(ख) अपनी माता जी को पत्र लिखकर बताइए कि उनके बताए नियमानुसार पढ़ाई करने से आप कैसे लाभान्वित हुए ।

**प्र.11 किसी <u>एक विषय पर</u> दिए गए निर्देश के अनुसार संवाद लिखिए : 5x1=5**

(क) बाढ़ आने से कई गाँव जलमग्न हो गए हैं । दो मित्र उनकी मदद के लिए जाना चाहते हैं । उनके बीच हुए संवाद को लिखिए ।

(ख) क्रिकेट प्रशिक्षण संस्थान में प्रवेश लेने आए अमित और कोच के मध्य हुई बातचीत को संवाद रूप में लिखिए ।

**प्र.12 किसी <u>एक विषय पर</u> अनुच्छेद लिखिए :**
**5x1=5**

(क) कंप्यूटर : एक अनिवार्य आवश्यकता

(ख) दिनचर्या में खेलों का योगदान

(ग) समाज में नारी की बदलती भूमिका

(घ) बचपन पर हावी बस्ते का बोझ